
जागरण

# तीन दुकान से नकली ऑटो पार्ट्स बरामद

Publish Date:Sun, 15 Sep 2019 06:25 AM (IST)



बाराबंकी गुड़गांव से आयी महिंद्रा कंपनी की टीम ने पुलिस के साथ तीन ऑटो पार्ट्स की दुकानों में दबिश दी। जहां से टीम ने 90 ऑटो पार्ट्स नकली बरामद किए हैं। टीम ने तहरीर देकर तीनों दु

बाराबंकी : गुड़गांव से आयी महिद्रा कंपनी की टीम ने पुलिस के साथ तीन ऑटो पार्ट्स की दुकानों में दबिश दी। जहां से टीम ने 90 ऑटो पार्ट्स नकली बरामद किए हैं। टीम ने तहरीर देकर तीनों दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट व जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है।

गुड़गांव से आए कंपनी के हृदय नारायण मल्ल ने बताया कि वह करीब एक माह पूर्व बाराबंकी शहर में महिद्रा कंपनी के नकली ऑटो पार्ट्स बिक्री की सूचना पर आए थे। उन्होंने सूचना के आधार पर कुछ दुकानों से खरीदारी कर पार्ट्स को चेक कराने के लिए लैब भेजा था। लैब से मिली रिपोर्ट से वह पार्ट्स नकली पाए गए थे। उन्होंने बताया कि शनिवार को वह अपनी टीम के जांच अधिकारी कुलदीप सिंह व अमित कुमार के साथ बाराबंकी आए और कोतवाली पुलिस के सहयोग से इंदर ऑटोमोबाइल्स, जयकिसान ट्रैक्टर्स और श्याम ट्रैक्टर्स में दबिश दी। जहां से ब्रेक प्लेट, ऑयल फिल्टर्स, पिस्टन, क्लच प्लेट सहित इंजन के तमाम पार्ट्स नकली बरामद हुए। बरामद पार्ट्स की कीमत बाजार में करीब ढाई लाख रुपये है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेद्र सिंह ने बताया कि जांच अधिकारी कुलदीप सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/barabanki-raid-19577620.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/barabanki-raid-19577620.html)